हरिभूमि
# मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शुक्रवार 19 जुलाई 2024

06 चापड़ा चौराहे के अतिक्रमण पर प्रशासन ने चलाया...



07 अच्छी बारिश से लहलहा उठीं फसलें, तीन घंटे तक...





## कार्यालयों में 10 बजे तक नहीं पहुंच रहे अधिकारी-कर्मचारी

# एसडीएम ने शासकीय कार्यालयों का किया निरीक्षण, पंजी का अवलोकन





हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

शासन द्वारा समस्त शासकीय कार्यालयों का समय सुबह 10 से शाम 6 बजे तक निर्धारित किया गया है। सभी कर्मचारी शासन के निर्धारित समय पर अपने कार्यालय पर पहुंच रहे हैं कि नहीं इसका औचक निरीक्षण करने के लिए गुरुवार को एसडीएम नगर में संचालित कई कार्यालयों पर पहुंचे। जहां निरीक्षण के दौरान उपस्थिति पंजी का अवलोकन किया गया। जिसमें कुछ कार्यालय से कर्मचारी अनुपस्थित पाए गए। जिनका मौका पंचनामा एसडीएम द्वारा बनाया गया। सरकार द्वारा समस्त शासकीय विभागों के कार्यालय में अधिकारियों व कर्मचारियों को सुबह 10 से शाम 6 बजे तक उपस्थित रहकर कार्य करने के आदेश जारी किए गए हैं। लेकिन नलखेड़ा तहसील मुख्यालय पर लगभग सभी कार्यालयों में अधिकांश अधिकारी-कर्मचारी तय समय 10 बजे नहीं पहुंच रहे हैं।



गुरुवार को सुसनेर नलखेड़ा एसडीएम मिलिंद ढोके द्वारा नगर में संचालित शासकीय कार्यालय जनपद पंचायत, महिला एवं बाल विकास विभाग, जनपद शिक्षा केंद्र, कार्यालय विकासखंड शिक्षा अधिकारी, कार्यालय नगर परिषद का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान एसडीएम द्वारा उपस्थिति पंजी का अवलोकन किया गया। जिसमें जनपद पंचायत में 15 में से 15 कर्मचारी ही उपस्थित पाए गए। महिला एवं बाल विकास विभाग में 6 में से चार कर्मचारी उपस्थित थे। जनपद शिक्षा केंद्र में 10 में से पांच की उपस्थिति पाई गई। विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में 9 में से 6 की उपस्थिति पाई गई तीन अनुपस्थितों में से दो कर्मचारियों का पूर्व से ही अटैचमेंट कर रखा है। वहीं एक पर निलंबन की कार्यवाही पूर्व से कर रखी है। नगर परिषद कार्यालय में 20 कर्मचारियों में से आठ अनुपस्थित पाए गए। इस दौरान प्रभारी राजस्व निरीक्षक प्रभुलाल भिलाला, कस्बा पटवारी अजय खींची भी साथ में मौजूद रहे। एसडीएम द्वारा सभी विभागों में मौके का पंचनामा बनाकर जिला कलेक्टर को निरीक्षण प्रतिवेदन भेजा गया है।

उल्लेखनीय है कि नगर में स्थित शासकीय कार्यालयों में शासन द्वारा निर्धारित समय पर अधिकारी कर्मचारी के उपस्थित नही होने का खुलासा हरिभूमि द्वारा किये जाने के बाद कलेक्टर द्वारा सभी अधिकारी कर्मचारियों को शासन द्वारा निर्धारित समय प्रातः 10 से सायं 6 बजे तक कार्यालय में उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए थे। बावजूद इसके अधिकांश कार्यालयों में कर्मचारी एसडीएम के निरीक्षण के दौरान अनुपस्थित पाए गए।

### इनका कहना है...

शासकीय अधिकारी एवं कर्मचारियों को निर्धारित समय पर कार्यालय पर उपस्थित रहने के शासन के आदेश तथा जिला कलेक्टर के निर्देश के बाद गुरुवार को मेरे द्वारा नलखेड़ा के पांच कार्यालयों का औचक निरीक्षण कर उपस्थिति पंजी का अवलोकन किया गया। कार्यालय से अनुपस्थित कर्मचारियों का मौका पंचनामा बनाकर जिला कलेक्टर की ओर निरीक्षण प्रतिवेदन भेजा गया है।

**-मिलिंद ढ़ोके,** एसडीएम, सुसनेर-नलखेड़ा

## खबर संक्षेप में

### कॉलेज में ई-प्रवेश के लिए सीएलसी राउंड 18 से

**नलखेड़ा।** सरदार वल्लभभाई पटेल शासकीय महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. जीएल रावल ने बताया कि शासकीय महाविद्यालयों में ई-प्रवेश 2024-25 के लिए सी.एल.सी. राउंड 18 जुलाई से शुरू हो रहा है। ई-प्रवेश प्रक्रिया के अंतर्गत आन-लाईन रजिस्ट्रेशन 18 जुलाई से प्रारंभ होंगे, जो कि 22 जुलाई तक चलेंगे। दस्तावेज सत्यापन का कार्य 23 जुलाई तक चलेगा तथा प्रवेश की सूची 27 जुलाई को आएगी। विद्यार्थी 31 जुलाई तक ऑनलाइन फीस जमा कर प्रवेश ले सकते हैं।

### 31 अगस्त तक चलेगी स्पेशल ट्रेन

**सीहोर।** यात्रियों की सुविधा को देखते हुए तथा सावन महीने के दौरान श्रद्धालुओं की भीड़ चलते पश्चिम रेलवे ने उज्जैन से भोपाल के लिए स्पेशल पैसेंजर ट्रेन चलाई है। यह ट्रेन 31 अगस्त तक चलेगी। पश्चिम रेलवे के वरिष्ठ जनसंपर्क अधिकारी प्रदीप शर्मा ने बताया कि उज्जैन से भोपाल के लिए गाड़ी संख्या 09313 उज्जैन-भोपाल-उज्जै न स्पेशल पैसेंजर ट्रेन 31 अगस्त तक प्रतिदिन उज्जैन से रात 9 बजे चलकर सीहोर 23.36 बजे आकर रात 1.10 बजे भोपाल पहुंचेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 09314 भोपाल-उज्जैन पैसेंजर 12 जुलाई से 1 सितम्बर तक हर दिन भोपाल से रात 2.10 बजे चलकर रात 3.42 बजे सीहोर आकर सुबह 7.20 बजे उज्जैन पहुंचेगी। दोनों ही ओर से यह ट्रेन तराना रोड, मक्सी, कालीसिंध, अकोदिया, शुजालपुर, कालापीपल, सीहोर, संत हिरदाराम नगर रुकेगी।

### सीबीएसई ने निकाली भर्ती

**सीहोर।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने मीडिया रिलेशंस, विजिलेंस, एकेडमिक्स, स्किल एजुकेशन और अन्य पदों सहित कुल 29 डेपुटेशन आधारित पदों पर ऑनलाइन आवेदन मांगे है। चयनित उम्मीदवार तीन साल के कार्यकाल के लिए दिल्ली सहित सीबीएसई के ऑफिसों में नियुक्त किए जाएंगे। सेलेक्टेड कैंडिडेट्स का टेन्योर उनके प्रदर्शन और नियमों के मुताबिक अधिकतम 5 साल तक के लिए बढ़ाया जा सकता है।

### पर्यटन क्विज स्पर्धा 27 जुलाई को

**सीहोर।** मप्र टूरिज्म बोर्ड,जिला पुरातत्व पर्यटन एवं संस्कृति परिषद एवं स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा जिले में 27 जुलाई को दो चरणों में मप्र पर्यटन क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा। स्पर्धा का उद्देश्य प्रदेश के समृद्ध शाली इतिहास, परम्पराओं ऐतिहासिक व सांस्कृतिक धरोहर, तथा पर्यटन के विस्तृत क्षेत्र से छात्र एवं छात्राओं को परिचित कराना है। प्रतियोगिता में जिले के शासकीय व अशासकीय विद्यालयों के कक्षा 9 से 12 वीं तक अध्ययनरत 3 सर्वश्रेष्ट विद्यार्थियों का दल भाग लेगा।

# नाले की पुलिया की सतह के निकले सरिए, हो गए कई गड्ढे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

कई बार संज्ञान में लाने के बाद भी रखरखाव नहीं करने का खामियाजा भुगतना पड़ता है। ऐसा ही मामला मां बगलामुखी चौराहे के समीप स्थित नाले की पुलिया का है। जिसमें पानी भरे रहने के कारण उसकी सतह में गड्ढे हो गए हैं। यहां तक की कुछ स्थानों पर सीमेंट कांक्रीट की सतह पूरी उखड़ चुकी है और उसके अंदर के सरिए बाहर निकल आए हैं। अब यहां दुर्घटना की आशंका बनने लगी है।

नगर के शिवाजी चौराहे से तहसील की ओर जाने वाले मार्ग पर मां बगलामुखी चौराहे के समीप स्थित नाले पर लोक निर्माण विभाग की एक पुलिया स्थित है। इस पुलिया पर लंबे समय से नाली का गंदा पानी, पाइपलाइन फूटने से बहता पानी भरा हुआ रहता था। लंबे समय तक पानी भरे रहने से पुलिया की सतह पर कई गड्ढे हो गए हैं। कुछ स्थानों पर तो इतने बड़े गड्ढे हो गए है कि उसकी सतह की सीमेंट कांक्रीट पूरी तरह उखड़ गई है और अंदर लगे सरिए बाहर आ गए हैं।इस संबंध में समाचारों के माध्यम से पूर्व में भी संबंधित विभाग को संज्ञान में लाया गया था तब पुलिया पर छोटे छोटे गड्ढे हुए थे। यदि उस समय पुलिया का समुचित रखरखाव कर दिया जाता और गड्ढे भर दिए जाते तो शायद आज ना तो गड्ढे बड़े होते और ना ही सतह में से सरिए बाहर निकलते। अब जबकि वर्षाकाल प्रारम्भ हो चुका है, इन गड्ढो में पानी भरा रहेगा,ऊपर से सरिए बाहर निकल आये है ऐसे में कभी भी कोई बड़ी दुर्घटना हो सकती है।





### दुर्घटना का अंदेशा बना

गौरतलब है कि इस नाले की पुलिया से राजगढ़ जिले की ओर जाने वाले समस्त वाहन, मां बगलामुखी मंदिर पर दर्शनार्थ आने वाले भक्तों के वाहन जो ईदगाह के सामने स्थित पार्किंग पर जाते हैं। नगर में स्थित समस्त शासकीय विभाग जिनमे तहसील, जनपद पंचायत, नगर पंचायत, महिला बाल विकास विभाग, कृषि विभाग, शिक्षा विभाग, दूरसंचार विभाग आदि में जाने वाले अधिकारी, कर्मचारी व आमजन के वाहन, तहसील के लगभग 30 से 40 ग्रामों के ग्रामीणों के वाहन एवं कृषि उपज मंडी में उपज विक्रय करने जाने वाले किसानों के वाहनों के साथ ही कृषि उपज मंडी से अनाज भरकर जाने वाले वाहन निकलते है। ऐसी स्थिति में कभी भी कोई बड़ी दुर्घटना हो सकती है।

## गुजरात सरकार के मंत्री पहुंचे मां बगलामुखी के दरबार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

बुधवार को गुजरात सरकार के जल संसाधन मंत्री कुंवरजीभाई मोहनभाई बावलिया सिद्धपीठ मां बगलामुखी के दरबार में पहुंचे। जहां उन्होंने माता रानी के दर्शन कर पूजन किया गया। बुधवार को मोहर्रम का अवकाश होने से सिद्धपीठ पर दर्शनार्थियों की संख्या अधिक होने के कारण गर्भगृह के बाहर से ही दर्शन करवाए जा रहे थे। ऐसे में मंत्री बावलिया ने भी



आम भक्तों की तरह बाहर से ही दर्शन पूजन किए। मंत्री बावलिया के सिद्धपीठ पहुंचने पर पंडित मनोज शर्मा ने स्वागत कर स्मृति चिन्ह के रूप में माता रानी का चित्र भेंट किया।

# 'डीडीओ ओटीपी किसी के साथ शेयर नहीं करें'

**आहरण-संवितरण अधिकारियों का प्रशिक्षण संपन्न**



नलखेड़ा। डीडीओ आईएफएमएस सॉफ्टवेयर बिल एप्रुवल के लिये प्राप्त होने वाली ओटीपी किसी अन्य व्यक्ति के साथ शेयर नहीं करें, आईएफएमएस संबंधी सभी कार्यां में पूरी गंभीरता बरतें। यह बात अपर कलेक्टर आरपी वर्मा ने गुरूवार को ई-दक्ष केन्द्र में कोषालयीन साफ्टवेयर आईएफएमएस के सफल संचालन हेतु आयोजित जिले के समस्त आहरण एवं संवितरण अधिकारियों के प्रशिक्षण में कहीं। प्रशिक्षण में सिस्टम मैनेजर मुकाम सिंह टैगोर ने सभी आहरण संवितरण अधिकारियों को बरती जाने वाली सावधनियों एवं आईएफएमएस के संचालन के संबंध में विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि सभी अधिकारी कोषालय से पेमेंट भुगतान देयक के हर माह के आईएफएमएस से रिकॉर्ड निकाल कर केसबुक एवं बिल रजिस्टरों पर साइन करें ताकि हर भुगतान आपके संज्ञान में रहे। प्रशिक्षण में जिला कोषालय अधिकारी मनीष सोलंकी, सहायक कोषालय अधिकारी जियालाल मुजाल्दे सहित सभी आहरण-संवितरण अधिकारी उपस्थित रहे।

# खुद को अकेला महसूस न करें, श्मशान, शिखर और सिंहासन पर अकेला ही जाया जाता है: पं. प्रदीप मिश्रा

**सीहोर।** जीवन में कोई जीव अकेला नहीं, कभी खुद को अकेला महसूस न करें क्योंकि श्मशान, शिखर और सिंहासन पर अकेला ही जाया जाता है। शुभकर्म में किसी के साथ का इंतजार न करें। अकेले भी कर्म, धर्म करने का मौका मिलता है तो इसे गंवाना मत। शिव की आराधना कोई भी कर सकता है। भगवान शिव पूजा-अर्चना सेठ से लेकर गरीब कर सकता है। भगवान तो सिर्फ भाव के भूखे है। उक्त विचार जिला मुख्यालय के समीपस्थ चितावलिया हेमा स्थित निर्माणाधीन मुरली मनोहर एवं कुबेरेश्वर महादेव मंदिर में जारी सात दिवसीय श्री महादेव गुरु शिव महापुराण कथा के चौथे दिन अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा ने कहे। उन्होंने कहा कि भगवान शिव के अनेक गुण है, लेकिन शांत रहना, समदर्शी, विनम्रता और निम्रलता आदि गुण जिस श्रद्धालु में आ जाते है। उसको शिव की प्राप्ति हो जाती है।

कथा के चौथे दिन बुधवार को गुरुदेव पंडित मिश्रा ने कुबेरेश्वरधाम पर आए एक श्रद्धालु का पत्र पढ़ते हुए बताया कि कोटा राजस्थान से कथा का श्रवण करने आई मीना हांड-कल्याण सिंह हांड की बेटी सीए की तैयारी कर रही थी, लेकिन उसको असफलता प्राप्त होती थी, उन्होंने कथा से प्रेरणा लेकर अपनी बेटी के साथ पिछले वर्ष कावड़ यात्रा में शामिल होकर भगवान शिव को जल अर्पित किया और पुराण के बताए उपाय पर अमल कर मेहनत की तो वह सीए के एग्जाम में सफल हो गई। आपके जीवन में जब भी असफलता और निराश आए तो भगवान शिव पर भरोसा करना वह आपको कामयाबी दिलाएगा।



भगवान शिव की आराधना करने वाला भक्त कभी दुखी नहीं रहता। भगवान भोलेनाथ हर भक्त की सुनते हैं। भोले की भक्ति में शक्ति होती है। भगवान भोलेनाथ कभी भी किसी भी मनुष्य की जिंदगी का पासा पलट सकते हैं। बस भक्तों को भगवान भोलेनाथ पर विश्वास करना चाहिए और उनकी प्रतिदिन आराधना करनी चाहिए।

**क्लेश, झूठ, प्रपंच, बेईमानी यह सब नर्क के द्वार :** उन्होंने बताया कि क्लेश, झूठ, प्रपंच, बेईमानी यह सब नर्क के द्वार है, इनसे बचना उत्थान और इनमें उलझे रहना पतन के समान है। ईश्वर भक्त के बिना और भक्त ईश्वर के बिना नहीं रह सकता। जन्म से लेकर मृत्यु तक ईश्वर साथ होते है, सद्मार्ग पर चलोंगे तो मोक्ष पाओंगे। उसने जन्म दिया, उदर (पेट) दिया तो भरने कि जिम्मेदारी भी उसकी है। इतने भोले हैं शिवजी, स्वच्छ मन से याद करने पर ही हो जाते हैं प्रसन्न, पूजा पाठ ही नहीं मन की सुदंरता से प्रसन्न हो जाते हैं भोलेनाथ। देवो के देव महादेव भगवान शंकर को औघड़दानी कहलाते हैं जो सबको साथ लेकर चलते हैं और मनुष्यों को भी वही प्रेरणा देते हैं, और पूजा पाठ ही नहीं व्यक्ति के मन की पवित्र व सुन्दर सोच से भी प्रसन्न हो जाते हैं भोलेनाथ, भगवान शिव को कोई भी बिना साधन, सामग्री के शिव पूजन संपन्न कर सकते हैं।

### रविवार को मनाया जाएगा गुरु पूर्णिमा महोत्सव

विठलेश सेवा समिति के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि धाम पर सात दिवसीय शिव महापुराण के पश्चात रविवार 21 जुलाई को एक दिवसीय गुरु पूर्णिमा महोत्सव का आयोजन किया जाना है। इस मौके पर सुबह नौ बजे से देर शाम तक यहां पर आने वाले लाखों श्रद्धालुओं को दीक्षा दी जाएगी। इसके लिए विठलेश सेवा समिति के व्यवस्थापक पंडित समीर शुक्ला, पंडित विनय मिश्रा के अलावा जिला प्रशासन तैयारियां कर रहा है।

एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत तहसील कार्यालय पर किया पौधारोपण

# प्रकृति के संतुलन को बनाए रखने पौधारोपण अवश्य करें





**नलखेड़ा।** प्रकृति के साथ लगातार खिलवाड़ होने के कारण प्रकृति का संतुलन बिगड़ चुका है, संतुलन को बनाए रखने के लिए हमें वृक्ष की आवश्यकता है। इसके लिए हम सभी को मिलकर अधिक से अधिक पौधारोपण करना चाहिए। एक पेड़ मां के नाम अभियान अंतर्गत तहसील कार्यालय नलखेड़ा में पौधारोपण के दौरान एसडीएम मिलिंद ढोके ने उपस्थित तहसील अधिकारियों व कर्मचारीयो के समक्ष यहां बात कही गई। उन्होंने कहा कि हमें पर्यावरण संरक्षण के साथ ऑक्सीजन की कमी को दूर करने के लिए एवं हमारी आने वाली पीढ़ी के लिए एक पौधा लगाकर उसे बढ़ाकर उसकी सुरक्षा की जिम्मेदारी लेना चाहिए। इस दौरान एसडीएमसी श्री ढोके के साथ तहसीलदार प्रेमनारायण परमार, नायब तहसीलदार बड़ागांव और समस्त पटवारी गण तहसील नलखेड़ा के द्वारा तहसील कार्यालय के सामने पौधारोपण किया गया।

## एक पेड़ मां के नाम अभियान अंतर्गत नगर परिषद ने किया आयोजन

# शिव पहाड़ी क्षेत्र में 400 पौधों का रोपण कर ली शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कानड़

शासन निर्देशानुसार एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत गुरुवार को नगर परिषद कानड़ द्वारा शिव पहाड़ी पर पौधा रोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। नगर परिषद कानड़ को 10,000 पौधारोपण का लक्ष्य दिया गया है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी द्वारा बताया गया कि आम जन के सहयोग से लक्ष्य को पूरा किया जा सकता है। गुरुवार को पौधारोपण के लक्ष्य की ओर कदम बढ़ाते हुए नगर परिषद द्वारा शिव पहाड़ी के क्षेत्र में 400 पौधों का रोपण किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत हमारे जीवन में पेड़ों के महत्व को समझाते हुए पर्यावरण संरक्षण की शपथ ली गई। साथ ही अभियान के अंतर्गत जन-जन को पर्यावरण संरक्षण में जोड़ने का प्रयास कर पर्यावरण संरक्षण और पौधारोपण करने प्रेरित किया जाएगा। कार्यक्रम में अध्यक्ष प्रतिनिधि बाबूलाल बीजापारी, प्राचार्य वीरेंद्र सिंह ठाकुर, प्राचार्य प्रशांत राठोर, शिक्षक राजेंद्र कुमार पालीवाल, शासकीय बा.मा.विद्यालय के छात्र एवं शासकीय कन्या माध्यमिक विद्यालय कानड़ की छात्राएं, साथ ही निकाय के कर्मचारी अशोक कुमार पाठक, मानसिंह गहलोत ,अंकित शर्मा,बालकृष्ण पाटीदार, तूफान सिंह सौंधिया, सागर लाट,विशाल खजुरिया एवं सफाई कर्मचारी उपस्थित थे।






### एक पेड़ मां के नाम अभियान अंतर्गत किया गया पौधारोपण

**नलखेड़ा।** तहसील के नगरीय क्षेत्र बड़ागाँव में शासकीय उचित मूल्य दुकान के विक्रेताओं द्वारा एक पेड़ मां के नाम अभियान अंतर्गत पौधारोपण किया गया। इस दौरान शहरी क्षेत्र विक्रेता राधेश्याम यादव, अयोध्या बस्ती विक्रेता हेमराज बैरागी आदि उपस्थित थे।



## खबर संक्षेप

### खाद्य विभाग ने देवास में की कार्रवाई

**देवास।** जिले में घरेलू उपयोग के गैस सिलेण्डरों के दुरूपयोग, भंडारण एवं परिवहन की खाद्य और राजस्व विभाग द्वारा नियमित रूप से जांच की जा रही है। जिला आपूर्ति अधिकारी देवास ने बताया कि खाद्य विभाग द्वारा चार प्रतिष्ठानों से घरेलू गैस सिलेन्डरों का व्यावसायिक दुरूपयोग किये जाने पर कार्यवाही कर 7 घरेलू उपयोग के गैस सिलेन्डर जप्त किये गये। जिसमें न्यू संगम रेस्टोरेंट कैलादेवी रोड देवास से 3, श्री सांई फैमेली रेस्टोरेंट उज्जैन बायपास रोड देवास से 2, भैरूनाथ नाश्ता पाईंट कैलादेवी रोड देवास से 1 और रचना नाश्ता पाइंट एण्ड स्वीट्स मेंढ़की रोड देवास से 1 घरेलू उपयोग गैस सिलेन्डर जब्त किया गया। जिला आपूर्ति अधिकारी शालू वर्मा ने बताया कि इस सभी प्रतिष्ठानों के विरूद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर कलेक्टर न्यायालय में प्रस्तुत कर संबंधितों के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

### जल प्रबंधन व स्वच्छता पर हुई कार्यशाला

**देवास।** आयुक्त रजनीश कसेरा के निर्देशन मे स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 के अन्तर्गत नागरिकों के साथ ही स्कुली छात्र,छात्राओं के माध्यम से सफाई अपनाओ, बीमारी भगाओ अभियान के अंतर्गत स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर महेश सोनी के द्वारा स्वच्छ भारत मिशन के अरुण तोमर के साथ नूतन स्कूल एवं महाकाल कालोनी स्कूल के छात्र छात्राओं को जल प्रबंधन स्वच्छता एवं साफ-सफाई पर आयोजित कार्यशाला मे विस्तार पूर्वक बताया की साफ सफाई हर व्यक्ति का सरोकार है। बीमारियों से बचे रहने एवं स्वस्थ्य जीवन के लिए अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखना हर व्यक्ति के लिए आवश्यक है। स्कूल के छात्र छात्राओं को समुचित साफ-सफाई के बारे में बताते हुए कहा कि अपने घरों की साफ सफाई रखना, घरों के आसपास साफ सफाई रखवाने हेतु लोगों को प्रेरित करना, अपने हाथों को बार बार धोना, प्रतिदिन 5 से 10 मिनट तक योगा करना,अपने नाखूनों को समय पर काटना एवं साफ रखना, नाखूनों से बिमारियों के कण शरीर के अंदर जाते है।

### इंदौर नेमावर रोड पर सालों से किए गए अवैध अतिक्रमण को प्रशासन ने हटाया

# चापड़ा चौराहे के अतिक्रमण पर प्रशासन ने चलाया बुलडोज, अब खुल गया रास्ता

### कार्यवाही में एक करोड़ से अधिक का नुकसान होने का अनुमान, कई को दुकानों सहित हटाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ चापडा



चापड़ा चौराहे पर लंबे समय के बाद गुरुवार के दिन प्रशासन द्वारा दुकानों के सामने अवैध अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई करते हुए बुलडोजर चलाया गया। इस दौरान जेसीबी मशीनों से अतिक्रमण को ध्वस्त किया गया। 25 जून से चापडा चौराहे पर अतिक्रमण को लेकर कार्रवाई शुरू करते हुए जगह चिन्हित की गई थी, जिसके दौरान इंदौर एवं नेमावर रोड पर बीच सेंटर से 40 फीट एवं बागली हाटपिपल्या मार्ग पर 35 फीट के दायरे में आनेवाले अतिक्रमण हटाने संबंधित कार्रवाई हेतु अतिक्रमणकरियो को नोटिस दिए गए थे। इस संबंध में कुछ व्यापारियों ने 4 जुलाई को एक बैठक आयोजित कर निर्णय लिया था कि बागली , हाटपिपल्या मार्ग पर 26 फ़ीट व इंदौर नेमावर रोड पर 40 फिट के दायरे में आने वाला अतिक्रमण स्वयं की इच्छा से हटाएंगे। लेकिन इस मामले को किसी ने भी गम्भीरता से नहीं लिया। गुरुवार को तहसीलदार नीरज प्रजापति, जनपद सीईओ राजू मेढा, चौकी प्रभारी उपेंद्र नाहर के साथ एक दर्जन से अधिक पंचायत सचिव, रोजगार सहायक, पटवारी सहित अन्य अधिकारी कर्मचारियों कि उपस्थिति में इंदौर रोड पर 40 फीट के दायरे में आने वाले अतिक्रमण को जेसीबी मशीन से हटाया गया।

इस दौरान बागली, हाटपिपल्या मार्ग पर कहीं 26 फ़ीट तो कहीं 25 फ़ीट के दायरे का अतिक्रमण हटाया गया। कार्रवाई के दौरान मौके में लोगों की भीड़ लग गई। अतिक्रमण हटाने के दौरान दुकानदारों द्वारा समय मांगा गया लेकिन प्रशासनिक अधिकारियों ने एक न सुनी और अतिक्रमण हटाना शुरू कर दिया। अतिक्रमण की कार्रवाई प्रारंभ होते ही चौराहे पर दुकानदारों में हड़बड़ाहट मच गई और ताबड़तोड़ अतिक्रमण के अंतर्गत आने वाले चद्दर सेट व अन्य निर्माण को निकालने लगे। चारों रोड पर दुकानों के सामने लगे अतिक्रमण को हटाते हुए दुकान संचालक नजर आ रहे थे। दुकान संचालक अशोक महेश्वरी ने प्रशासन के सामने अपनी बात रखते हुए कहा कि पहले 35 फीट के दायरे का अतिक्रमण हटाने की बात कही जा रही थी, लेकिन आज 40 फीट का हटाया जा रहा है। दुकान में सामान भरा हुआ है।

उसे निकालने का समय दे, लेकिन प्रशासनिक अधिकारियों ने एक न सुनी और दुकान में सामान रखा होने के बवजूद मशीन से अतिक्रमण ध्वस्त कर दिया। हालांकि इस दौरान हर कोई इस बात की चर्चा कर रहा था कि कुछ दिन पहले बागली हाटपिपल्या मार्ग पर 20 फ़ीट व इंदौर, नेमावर रोड पर 35 फीट के दायरे का अतिक्रमण हटाया जाएगा। लेकिन जनपद पंचायत बागली के आदेश में 26 फ़ीट व 40 फीट का बताया गया है। व्यापारियों को आश्वासन मिला था कि बारिश बाद कार्रवाई होगी, लेकिन ताबड़तोड़ यह कार्रवाई समझ से परे है।

#### वर्षो से चल रही दुकाने भी हटी

चापडा चौराहे पर वर्षों से कुछ दुकाने एसी संचालित हो रही थी, जिनके नाम से लोग आते थे, लेकिन अतिक्रमण के दौरान उन्हें भी हटाया गया है। इंदौर रोड पर पान की दुकान एवं माता जी मंदिर के पास फूल की दुकान थी,जो वर्षों से चल रही थी,जो आज हटाई गई है। अतिक्रमण कि कार्रवाई में एक करोड़ से अधिक का नुकसान होने का अनुमान लगाया जा रहा है। इंदौर रोड पर अधिक नुकसान हुआ है। दुकानों पर लगी शटर जेसीबी मशीन से तोड़ दी गई है। हालांकि इंदौर रोड पर कार्रवाई के दौरान चारों रोड पर लोगों ने ही स्वयं नपती कर अतिक्रमण हटा लिया। बागली रोड पर अतिक्रमण हटाने के दौरान निष्पक्ष कार्रवाई नहीं होने पर दुकानदारों ने विरोध करते हुए कहा कि सभी के साथ निष्पक्ष कार्रवाई करते हुए अतिक्रमण के दायरे में आने वाली जगह को तोडा जाए। विरोध के बाद अधिकारियों ने ध्यान दिया ओर अतिक्रमण हटाया। कार्रवाई से पहले बिजली सप्लाई बंद करवा दी गई थी, जिसके कारण चापडा नगर में पुरे दिन सप्लाई बंद रही। लोग गर्मी के कारण परेशान होते रहे। हाटपिपल्या मार्ग पर कुछ घरों को कार्रवाई से छोड़ दिया गया। इस दौरान कुछ लोगों ने आपत्ति भी ली , इस कार्यवाही के बाद कुछ छोटी दुकान संचालक एवं फल फ्रूट वालो का रोजगार प्रभावित हुआ है। सुबह लगभग 11 बजे से कार्यवाही शुरू की गई थी,जोकी शाम 7 बजे तक चली। अतिक्रमण हटाने आई टीम व दुकानदारों के बीच नोंक-झोंक देखने को मिली। कुछ जगह नपती में घपला होने पर उपस्थित लोगों ने दोबारा नपती कराकर अतिक्रमण तुड़वाया। हालांकि इस कार्यवाही से क्या फायदा होगा व कोन सी समस्या हल होगी यह तो समय पर ही पता चलेगा।



#### नियम अनुसार की है कार्रवाई

यातायात व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए चापड़ा चौराहे से अतिक्रमण हटाया गया है। अतिक्रमण की कार्रवाई नियम अनुसार की गई है, हाटपिपल्या मार्ग पर कुछ मकान रह गए हैं, जिन्हें नोटिस देकर कार्रवाई की जाएगी।

**नीरज प्रजापति,** तहसीलदार बागली

# रावतपुरा सरकार की शहर में हुई भव्य आगवानी

### राज परिवार ने पाद पूजन कर लिया संकल्प



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

संत शिरोमणी रविशंकर महाराज का बुधवार को देवास आगमन हुआ। जिसकी आगवानी राज परिवार ने की तथा पाद पूजन कर चातुर्मास व्रत अनुष्ठान का संकल्प लिया। स्मरण रहे 17 जुलाई से 17 सितम्बर तक चलने वाले इस चातुर्मास एवं व्रत अनुष्ठान का आयोजन राज परिवार द्वारा किया जा रहा है। आयोजक विधायक राजमाता गायत्री राजे पवार व विक्रमसिंह पवार ने बताया कि महाराज के द्वारा किये जाने वाले इस धार्मिक आयोजन का लाभ राज परिवार के साथ साथ देवास के रहवासियों को भी मिलेगा। गुरूदेव कहते है कि अयोध्या में ज्ञान की खोज की जा सकती है, चित्रकुट में वेराग्य और वृदांवन में भक्ति की लेकिन रावतपुरा धाम एक ऐसा स्थान है जहां व्यक्ति तीनों गुणों को प्राप्त कर सकता है वे कहते है कि सत्य की सच्ची खोज, शुध्द और सरल हृदय के साथ रावतपुरा धाम आने वाले लोगों कि इच्छा निःसंदेश पूरी होती है दिव्य और चमत्कारिक कियाओं की वजह से देश और दुनिया से श्रध्दालु दरबार में आते है। महाराज का भव्य स्वागत शहर की कई धार्मिक, सामाजिक संस्थाओं द्वारा किया गया। इस अवसर पर विधायक मुरली देवड़ा भाजपा जिलाध्यक्ष राजीव खण्डेलवाल, नंदकिशोर पाटीदार, पोपेन्द्रसिंह बग्गा, शिव पटेल, बहादुर मुकाती, भारतसिंह पटलावदा, सुभाष शर्मा फूलसिंह चावड़ा शिवराजसिंह गोहिल, रवि जैन, मनीष सेन, मनीष सोलंकी भरत चोधरी, मिलीन्द सोलंकी, चिंटू रघुवंशी, सचिन जोशी, अजय पंडित, गणेश पटेल धर्मेन्द्रसिंह बैस, संतोष पंचोली, नवीन सोलंकी, रामेश्वर दायमा, शिवा पेहलवान, राहुल दायमा, शुभम चौहान, संकेत रॉय, राजेन्द्र ठाकुर, धर्मेन्द्र चंदेल, गुणपालसिंह पंवार, नरेन्द्र दांडगे, राखी झालानी, विनीता व्यास, नीतु जाधव, ममता मोदी, शोभा नायक, आदि उपस्थित थे।

# भगवान जगन्नाथ की यात्रा में भजनों पर थिरके भक्त



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

भगवान जगन्नाथ की भव्य रथ यात्रा गुरुवार को इस्कॉन मंदिर से निकाली गई। यात्रा में बड़ी संख्या में महिला-पुरुष शामिल हुए, जो भजनों पर थिरकते हुए चले। रथ यात्रा रामेश्वर धाम मंदिर राम मंदिर से शुरू हुई जो एबी रोड, सयाजी द्वार, तहसील चौराहा, नावेल्टी चौराहा, सुभाष चौक, जनता बैंक चौराहा, शालिनी रोड होते हुए मंडी धर्मशाला पहुंची। इस्कॉन मंदिर देवास के आनंदमय दास ने बताया प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी शहर में भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा निकाली गई।

कार्यक्रम के दौरान सांस्कृतिक प्रसंग, शास्त्रीय नृत्य, सुंदर भक्तिमय वाटिका, बच्चों की गतिविधियां, स्वादिष्ट मिठाई प्रसादम स्टॉल एवं पुस्तक स्टाल आदि आयोजन हुए। गुरुवार को भगवान श्री जगन्नाथ जी की रथ यात्रा रामेश्वर धाम मंदिर रामनगर एबी रोड से 2 बजे प्रारंभ होकर सयाजी द्वार, तहसील चौराहा, नावेल्टी चौराहा, सुभाष चौक होते हुए एमजी रोड गांजाभांग चौराहा पर पहुंची। जंहा मां चामुंडा सेवा समिति सामाजिक एवं धार्मिक संस्था पदाधिकारीयों द्वारा बैंक नोट प्रेस के मुख्य महाप्रबंधक केदारनाथ महापात्रा के मार्गदर्शन में रथ यात्रा में विराजित भगवान श्री जगन्नाथ जी की पूजा अर्चना कर रथ पर सवार गुरुदेव महामन प्रभुजी, प्रणेश्वर दास प्रभुजी एवं यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं का मां की चुन्नी ओढ़ाकर स्वागत किया।

इस्कान के संस्थापक संस्थापकाचार्य एसी भक्ति वेदांत प्रभुपाद ने भारत के बाहर भगवान जगन्नाथ जी की आराधना को एक प्रमुख रूप से स्थापित किया और रथ यात्रा उत्सव को वैश्विक बना दिया। इस अवसर पर मां चामुंडा सेवा समिति पदाधिकारी समाजसेवी नारायण व्यास, नरेंद्र मिश्रा, रामेश्वर जलोदिया, उमेद सिंह राठौर, अभिषेक अवस्थी, सुरेंद्र सिंह तोमर, कमल चौहान, राधेश्याम बोडाना, बंसीलाल व्यास, सुधा सोलंकी, मंजू जोशी सहित सामाजिक एवं धार्मिक संस्था पदाधिकारी गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# करनावद में किया गया वृहद् स्तर पर पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज ⏭ चापडा

मध्यप्रदेश शासन नगरीय विकास एवं आवास विभाग मंत्रालय भोपाल के आदेशानुसार एवं कलेक्टर ऋषव गुप्ता, जिला पंचायत सीईओ हिमांशु प्रजापति के निर्देशानुसार नगर परिषद करनावद के द्वारा मुख्य नगरपालिका अधिकारी प्रभारी मुरली राठौर की उपस्थिति में गोशाला पर वृहद् स्तर पर पौधरोपण किया गया,जिसमें अनेक प्रजातियों के पौधे लगाये गए। यह कार्यक्रम 15 जुलाई से 15 सितंबर तक चलाया जाएगा। शासन निर्देश अनुरूप प्रत्येक नगरीय निकाय में 10,000 वृक्षों को लगाया जाकर उनकी देखरेख की जाएगी। पौधरोपण कार्यक्रम में नगर परिषद अध्यक्ष




परसराम पाटीदार, उपाध्यक्ष राजेश गोयल, भाजपा नगर अध्यक्ष सत्यनारायण पांचाल पार्षदगण भेरूलाल पाटीदार, दिलीप पाटीदार, लीलाधर पाटीदार, कैलाश भूरिया गोशाला समिति अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, समस्त सदस्यगण, महिला व गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में पौधरोपण कार्यक्रम किया गया।

# शिवराज सरकार में किए वादे पूरे किए जाने की मांग को लेकर अतिथि शिक्षक संघ ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

अतिथि शिक्षकों ने अतिथि शिक्षक संघ (बीएमएस संबद्ध) के बैनर तले नियमितीकरण सहित 12 सूत्रीय मांगों को लेकर गुरुवार को कलेक्टर कार्यालय में जिला कलेक्टर को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया कि पूर्व की शिवराज सरकार के दौरान आयोजित की गई महापंचायत में किए गए वादों को अब तक पूरा नहीं किया गया है, उन्होंने मोहन सरकार से इन वादों को पूरा करने की मांग की। अतिथि शिक्षकों का कहना है कि वर्षों से वे कम वेतन पर अच्छी सेवाएं दे रहे हैं। इसके चलते अब सरकारी स्कूलों के परीक्षा परिणाम भी काफी अच्छे आ रहे हैं, बावजूद इसके अतिथि शिक्षकों की ओर शासन द्वारा ध्यान नहीं दिया जा रहा है। जो वादे किए गए हैं, वे भी अब तक पूरे नहीं किए गए हैं। ज्ञापन में मुख्य रूप से अतिथियों को नियमितीकरण, एनसी, ईएल, का अवकाश दिए



जाने, बीमा का लाभ दिए जाने, नियुक्ति के दौरान रियात दिए जाने, पूर्व सरकार द्वारा किए गए वादों को पूरा करने की आदि मांग शामिल है। इस दौरान जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश मालवीय, जिला उपाध्यक्ष राहुल नाहर, प्रदेश कोषाध्यक्ष असलम शेख, महिला जिलाध्यक्ष भारती माली, पुष्पा माली, वर्षा पांचाल, गुलनार खान, संतोष चौहान, सुरेन्द्र सेंधव, नवनीत जोशी, परमानंद कडोदिया, सतनाम परिहार, कपिल मोदी, देवेन्द्र सेन सहित अन्य बडी संख्या में अतिथि उपस्थित थे। उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी भानुप्रताप तंवर ने दी।

### जिले में राजस्व प्रकरणों के त्वरित निराकरण के लिए अभियान का शुभारंभ

# जिले में 31 अगस्त तक चलाया जाएगा राजस्व महाअभियान



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

प्रदेश सहित जिले में राजस्व प्रकरणों के त्वरित निराकरण और राजस्व अभिलेख त्रुटियों को ठीक करने के लिए 31 अगस्त तक राजस्व महाअभियान-2 चलाया जायेगा। जिले में राजस्व प्रकरणों के त्वरित निराकरण के लिए विशेष अभियान का हुआ शुभारम्भ गुरूवार को किया गया। तहसील कन्नौद में शुभारम्भ कार्यक्रम का आयोजन जनपद पंचायत कन्नौद सभाकक्ष में किया गया। कार्यक्रम में खातेगांव विधायक आशीष शर्मा और जनप्रतिनिधियों द्वारा हितग्राहियों को राजस्व की विभिन्न योजनाओं का लाभ वितरण किया गया। राजस्व महाअभियान-2 में राजस्व विभाग की सेवाए नामांतरण, बंटवारा, स्वामित्व योजना, पीएम/सीएम किसान योजना, रिकॉर्ड शुद्धिकरण आदि के हितग्राहियों को लाभ वितरण किया जायेगा। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधिगण, अनुविभागीय अधिकारी प्रवीण प्रजापति, तहसीलदार अंजली गुप्ता सहित अन्य अधिकारी एवं कृषकगण उपस्थित थे। राजस्व महाअभियान-2 के दौरान राजस्व अधिकारी अपने क्षेत्रों का निरंतर निरीक्षण करेंगे। एसडीएम और तहसीलदार मैदानी क्षेत्र का भ्रमण करेंगे और राजस्व महाअभियान में की जा रही कार्रवाई की मॉनीटरिंग करेंगे। उत्कृष्ट कार्य करने वाले राजस्व अधिकारियों को पुरस्कृत भी किया जाएगा। अभियान का उद्देश्य न्यायालय में समय सीमा पर लंबित प्रकरणों का निराकरण, नए राजस्व प्रकरणों को आरसीएमएस पर दर्ज कराना, नक्शे पर तरमीम, पीएम किसान योजना सभी पात्र किसानों को लाभ देना, समग्र का आधार ई-केवाईसी और खसरे की समग्र/आधार से लिंकिंग एवं फॉर्मर रजिस्ट्री का क्रियान्वन है। राजस्व महा अभियान में आरसीएमएस पोर्टल पर प्रकरण दर्ज करने और पूर्व आदेशों के अनुसार खसरों और नक्शे में अमल सुनिश्चित किया जाएगा। राजस्व महा अभियान में निःशुल्क समग्र ई-केवायसी और समग्र से खसरे की लिंकेज की सुविधा दी जा रही है। इसके साथ ही स्वामित्व योजना में आबादी भूमि के सर्वेक्षण की कार्रवाई पूर्ण करने की समय-सीमा निर्धारित की गई है।

# महाराष्ट्र समाज ने निकाली दिंडी यात्रा



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

आषाढ़ी एकादशी के निमित्त महाराष्ट्र समाज देवास द्वारा भगवान पांडुरंग (विठ्ठल रखुमाई) की दिंडी (शोभा यात्रा) बड़ी धूमधाम से निकाली गई। दिंडी में चल रहे कुछ पुराने सदस्यों द्वारा यह जानकारी दी गई कि विगत साठ वर्षों बाद इतनी बड़ी दिंडी आषाढ़ी एकादशी पर निकली है। समाज के लगभग तीन सौ सदस्य पारंपरिक वेशभूषा पहने ,हाथ में झांझ लिए विठ्ठल नाम का गजर करते हुए समाज से महात्सम गांधी मार्ग, तहसील चौराहा, मीरा बावडी, विठ्ठल मंदिर (फडणीस का) होते समाज में वापस आए। इसके पूर्व अनिल बेलापुरकर गुरुजी ने दिंडी का पूजन किया। दोपहर दो घंटे संगीता सुपेकर का कीर्तन भी हुआ। शाम सात बजे प्रसाद वितरण के साथ समापन हुआ। दिंडी यात्रा में संकेत सुपेकर, शेखर धोड़पकर, सदाशिव जोशी, दिलीप सुपेकर, दिलीप बाकरे, पद्माकर फडन्नीस, भूषण अत्रे, दत्त भक्त मंडल, नयापुरा के सदस्यों आदि का विशेष सहयोग रहा।

## खबर संक्षेप

### घर में बंधी तीन भैंसे चुरा ले गए बदमाश

**आष्टा।** खामखेड़ा जतरा में मंगलवार-बुधवार की रात को भैंस चोरी हो गई। हरेंद्र सिंह ठाकुर पिता नरबत सिंहके मकान में घुसे चोर देर रात तीन भैंसें ले गए। बदमाशों ने उनके कन्नौद रोड पर बने मकान में वारदात की। परिजन भी इसी मकान में ऊपर सो रहे थे। हरेंद्र सिंह ने बताया कि भैंसों की कीमत करीब 3 लाख रुपए है। ग्रामीणों ने भैंसों के पैर के निशान के आधार पर पता लगाया है कि चोरों ने भैंस झरखेड़ी रोड पर से चढ़ाई हैं। भैंसों को चुराने के बाद बदमाश उन्हें करीब 1 किलोमीटर खेत के रास्ते से लेकर गए। उन्होंने इसकी सूचना पुलिस को दी है। पुलिस जांच में जुटी है। चोरों ने जहां से भैंसों को गाड़ी में चढ़ाया वहां पर ग्रामीणों को एक मोबाइल भी मिला है। इसके आधार पर पूलिस चोरों का पता लगा रही है।

### मुरलीदेवी शर्मा के निधन पर दी श्रद्धांजली



**आष्टा।** अनाज, दलहन, तिलहन वेलफेयर एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष पत्रकार दिनेश शर्मा, धर्मेंद्र शर्मा की पूज्य माताजी, वा कमल शर्मा शिक्षक की काकीजी, नीरज शर्मा की ताई जी, बाबूलाल शर्मा की भाभी जी, सेवानिवृत्त शिक्षक श्री प्रेमनारायण शर्मा की धर्मपत्नी तथा बादल, आयुष(लालू), पीयूष, कृष्णा और कोणार्क की दादीजी मुरलीदेवी शर्मा का स्वर्गवास हो गया। शवयात्रा उनके निवास स्थान नजर गंज सुभाष चौक के समीप से निकाली गई, जिसमें समाजजनों, व्यापारियों, पत्रकारों, राजनैतिक दलों के नेतागण आदि शामिल हुए। श्रीमती मुरलीदेवी शर्मा की अंतिम यात्रा निज निवास नजर गंज सुभाष चौक से मुक्तिधाम पहुंची और वहां शवयात्रा में शामिल सभी लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की। मुखाग्नि पुत्र एवं पौत्रों दिनेश शर्मा, धर्मेंद्र शर्मा, आयूष, पीयूष आदि ने दी।

### बुधवार की सुबह से ही शुरू हो गई थी क्षेत्र में जोरदार बारिश

# अच्छी बारिश से लहलहा उठीं फसलें, तीन घंटे तक झमाझम बारिश से अंचल हुआ तरबतर

लगातार तीन-चार दिनों से रुक-रुक कर बारिश हो रही है। बारिश से सबसे ज्यादा किसानों को फायदा हुआ है। इस समय फसलों को पानी की जरूरत थी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



शहर में बुधवार सुबह से ही झमाझम बारिश का दौर शुरू हो गया है बारिश से कई निचले इलाकों में पानी भर गया है। भोपाल नाका, दरगाह के पास, बुधवारा सहित कई क्षेत्रों में जल निकासी के इंतजाम नहीं होने कारण बारिश का पानी भरा हुआ है।आष्टा में भू अभिलेख शाखा से मिली जानकारी के अनुसार आष्टा तहसील में 24 घंटे के अंदर बुधवार सुबह 8 बजे तक 2 मिलीमीटर बारिश हुई है। जिसे मिलाकर एक जून से 17 जुलाई तक तहसील क्षेत्र में बारिश का आंकड़ा 246 मिलीमीटर हो गया है। पिछले साल इस अवधि तक 434 मिलीमीटर बारिश हुई थी। बता दे कि आष्टा तहसील क्षेत्र में कुल औसत बारिश 1038.6 मिलीमीटर मानी जाती है।बता दे की लगातार तीन-चार दिनों से रुक-रुक कर बारिश हो रही है बारिश से सबसे ज्यादा किसानों को फायदा हुआ है इस बार फसले भी अच्छी है क्योंकि अगर ज्यादा बारिश हो तो फसलों को खराब होने का डर रहता है लेकिन इस बार रुक-रुक कर बारिश हो रही है जो की फसलों के लिए फायदेमंद है।



#### तीन घंटे से झमाझम बारिश

बुधवार सुबह 6 बजे से आष्टा क्षेत्र में बारिश हो रही है बारिश करीब 3 घंटे हुई । रिमझिम बारिश भी लगातार हो रही है बारिश के कारण शहर के भोपाल नाका, दरगाह के पास ,बुधवारा, पुराना बस स्टैंड क्षेत्र , कसाईपुरा के निवासियों को परेशानी का सामना करना पड़ा क्योंकि इन क्षेत्रों में पानी निकासी के इंतजाम नहीं होने कारण लोगों को परेशानी उठाना पड़ी।

# श्रीजी महाराज का वर्षावास के लिए हुआ नगर प्रवेश

### चार माह तक होंगे आयोजन



**आष्टा।** श्रीजी महाराज का हुआ नगर प्रवेश।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

आचार्य आनंद ऋषि महाराज व मालव ज्योति गुरुणी मैय्या वल्लभकुंवर महाराज की शिष्या मालव कीर्ति, कीर्तिसुधा, नूतन प्रभा, तत्वरसिका आराधना श्रीजी व भक्ति श्रीजी महाराज साहब के शुजालपुर मंडी की पावन भूमि पर वर्षावास के लिए श्री वर्धमान महावीर भवन स्थानक में नगर प्रवेश कार्यक्रम में श्री वर्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक संघ एवं श्राविका संघ आदि ने सहभागिता की।

चार महीने तक वहां स्थानक में चातुर्मास हेतु साध्वी भगवंतों को स्वीकृति उच्च शिक्षा मंत्री इंदरसिंह परमार ने दी। चार माह तक नित्य सुबह 6:15 बजे से प्रभु प्रार्थना,9 से 10:15 बजे तक जिनवाणी प्रवचन, धार्मिक शिक्षण एवं धर्म चर्चा दोपहर 2 से 3.30 बजे तक, प्रतिक्रमण सायंकाल एवं धार्मिक जिज्ञासाओं का समाधान रात्रि 8 बजे होगा। उक्त नगर प्रवेश के कार्यक्रम में आष्टा से भी श्रावक श्राविकाओं ने सहभागिता की। उक्त नगर प्रवेश में तपस्वी प्रिया मितेश ओस्तवाल ने अपनी 31 उपवास की तपस्या में सोमवार को 23वां उपवास कर साध्वी गण की अगवानी की।

शुजालपुर में चातुर्मास के लिए जैन साध्वी गण कीर्तिसुधा जी, नूतन प्रभा श्रीजी ,आराधना श्रीजी एवं भक्ति श्रीजी महाराज साहब आदि ठाणा 4 आष्टा से ही मंगल विहार कर अपने निर्धारित स्थान पर पहुंची थी। वहां नगर प्रवेश में जैन समाज की महिलाएं कलश धारण कर कतारबद्ध होकर जुलूस में शामिल हुई। उक्त जुलूस में आष्टा स्थानकवासी श्रावक संघ एवं श्राविका संघ शामिल हुए। साध्वी कीर्ति सुधा महाराज साहब ने सभी को आशीर्वाद एवं मांगलिक दी।

### हिंदू उत्सव समिति ने किया स्वागत

**आष्टा।** अलीपुर मोहर्रम कमेटी द्वारा इमाम हुसैन अलैहिस्सलाम की याद में निकाले गए ताजिये के जुलूस का अलीपुर हिंदू उत्सव समती द्वारा भव्य स्वागत किया गया।जुलूस के सदर भाई सलमान खान,सरपरस्त जनाब प्यारे पटेल, तोसिफ उद्दीन, फैज उद्दीन सहित कमेटी का स्वागत हिंदू उत्सव समिति द्वारा साफा पहनाकर एवं माला पहनाकर किया गया। इस अवसर पर सामाजिक नेता घनश्याम जांगड़ा, हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष आशु शर्मा,मनोहर पंड्या, रमेश परमार, राजकुमार मालवीय,शिवम सोनी, राजा मालवीय, चंदन सेन, रेवाराम विश्वकर्मा आदि उपस्थित थे।

# एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत हुआ पौधरोपण कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्यामपुर

एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत मप्र जन अभियान परिषद् विकासखंड सीहोर द्वारा संचालित ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति सालीखेड़ा द्वारा ग्रामीण जनों को प्रेरित कर बड़े स्तर पर पौधारोपण कार्यक्रम किया गया।

ग्राम सालीखेड़ा के वीरेंद्र ने अपनी निजी भूमि पर सहजन के 1100 पौधों का रोपण किया गया एवं साथ प्रस्फुटन समिति के सदस्यों की निजी भूमि पर फलदार वृक्षों का रोपण किया गया इसके आम, कटहल, जामुन, अमरूद, सीताफल, संतरा, नींबू, आदि के सौ पौधे का रोपण किया एवं हनुमान मंदिर परिसर में लगाए गए पौधों को सुरक्षा देने हेतु ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के सदस्यों ने एक-एक पौधा गोद लेकर उन्हें सुरक्षित रखने का संकल्प लिया। इस अवसर पर मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड सीहोर के विकासखंड समन्वयक सीहोर प्रदीप सिंह सेंगर ने उपस्थित सदस्यों को पौधा लगाने एवं सुरक्षित रखने का संकल्प दिलवाया एवं साथ ही कहा कि हमारे घर परिवार में वर्षगांठ, विवाह, जन्म दिवस एवं बुजुर्गों की स्मृति में भी अगर व्यक्ति अपने-अपने स्तर से पौधे लगाए तो एक बड़ा अभियान हो सकता है।




साथ ही जिनकी स्मृति या अन्य कार्यक्रमों में पौधे लगाते हैं वह भी इस पौधा के रूप में हमारे बीच में सदा सदा के लिए स्मरण में रहेंगे इस अवसर पर नवांकुर संस्था प्रभारी दिनेश अहोरिया, अनिल सक्सेना, जितेंद्र परमार, सरपंच प्रतिनिधि रेम सिंह भंडारी, समिति सदस्य शान्तिलाल बारेला, रेम सिंह बारेला कृष्णा ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के सदस्य गण सहित ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

# मांगलिक भवन की जमीन से अतिक्रमण हटाने के लिए ग्रामीणों ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

आष्टा जनपद पंचायत क्षेत्र में गांव के मांगलिक भवन पर अतिक्रमण करने का मामला सामने आया है। सोमवार को ग्रामीणों ने इसका विरोध किया। सरपंच प्रतिनिधि ने आष्टा थाने पहुंचकर अतिक्रमणकर्ता के विरुद्ध शिकायती आवेदन दिया है। उन्होंने ग्रामीणों को विश्वास दिलाया है कि जल्द ही जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराया जाएगा। मामला हर्राज खेड़ी का है। गांव के लोगों ने दावा किया है कि गांव के राजाराम कीर मांगलिक भवन पर कब्जा कर लिया है।

कल जब वे अतिक्रमण हटाने के लिए मौके पर पहुंचे तो उसने ग्रामीणों से अभद्रता की और वहां से कब्जा न हटाने की बात कही। साथ ही अपनी पत्नी के आष्टा थाना पहुंचा और ग्रामीणों की शिकायत की। इसके बाद थाने में ग्रामीणों को बुलाया। इस दौरान सरपंच प्रतिनिधि सुरेश कुमार मालवीय भी आष्टा थाना पहुंचे।



**आष्टा।** ग्रामीणों ने राशि एकत्रित कर लगाई तार फैंसिंग।

जहां उन्होंने स्पष्ट किया कि वहां शासकीय भूमि पर किया गया है, जिसको लेकर उन्होंने थाना प्रभारी, तहसीलदार सहित आष्टा जनपद पंचायत सीईओ को ज्ञापन देकर पूरे घटना की जानकारी दी है। गांव के हरिभजन वर्मा, राकेश, मानसिंह, जगदीश, राधेश्याम तिवारी, नाथूराम जयसवाल आदि ने बताया कि यहां 1 एकड़ जमीन स्वर्गीय हीरालाल वर्मा द्वारा कई वर्षों पहले मांगलिक भवन के लिए दान में दी थी।

यह जमीन केवल अभी जंगल के रूप में तब्दील थी अभी कुछ ही दिनों पहले ग्रामीणों ने आपस में चंदा राशि इकट्ठा करके जमीन के आसपास बॉर्डर पर तार फेंसिंग करने के लिए फैसला लिया था और तार फेंसिंग मजदूरों की सहायता से रविवार को ही ग्रामीणों ने यह कार्य पूर्ण किया था।

# अभियान का हुआ शुभारंभ: विधायक बोले, ऑयल बॉल को बनाकर हथियार, मलेरिया डेंगू को भगाएंगे इस बार

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

कलेक्टर प्रवीणसिंह के निर्देश पर संपूर्ण जिले में ऑयल बॉल को बनाकर हथियार, मलेरिया डेंगू को भगाएंगे इस बार अभियान जुलाई से प्रारंभ हुआ है जो निरंतर जारी रहेगा। नगर में अभियान का शुभारंभ विधायक गोपालसिंह इंजीनियर, नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा, डॉ. जीडी सोनी, पार्षद रवि शर्मा द्वारा नगर के वार्ड क्रमांक 16 से हुआ।

ऑयल बॉल को बनाकर हथियार, मलेरिया डेंगू को भगाएंगे इस बार अभियान के तहत विधायक गोपालसिंह इंजीनियर, नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा द्वारा वार्ड के रिक्त प्लाटों में ऑयल बाल डाली गई। आष्टा ब्लॉक के तहत 144 ग्राम पंचायत एवं 295 ग्रामों में ग्राम पंचायत सरपंच, सचिव, एएनएम, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, आशा कार्यकर्ता के सहयोग से ठहरे हुए पानी के भूखंडों पर ऑयल बॉल डाली जाएगी। विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने कहा कि ठहरे हुए पानी में मलेरिया और डेंगू के मच्छरों के लार्वा नियंत्रण के लिए ऑयल बॉल सबसे सस्ता और कारगर उपाय है। ऑयल बॉल लकड़ी के बुरादे, खराब ऑयल और अनुपयोगी कपड़ों से तैयार की जाती हैं, आमजन भी अपने आसपास ठहरे हुए पानी में ऑयल बॉल डाल कर डेंगू और मलेरिया के नियंत्रण में सहयोग कर सकते हैं।



नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि नगर में रिक्त भूखंड मालिक अपने भूखंड में जल भराव की स्थिति को दूर करें। वर्षा काल में मच्छर जनित बीमारियों के नियंत्रण के लिए व मच्छरों की बढ़ती संख्या को नियंत्रण के लिए जले हुए तेल, मोटरआयल से निर्मित बाल बनाई गई है जिसका भरपूर उपयोग कर बीमारी से बचाव के उपाय करें। इस बाल को जहां भी पानी भरा हुआ हो जैसे गड्ढों में, नाले में, खाली प्लाट में या ऐसी सभी जगह जहां पानी की निकासी लम्बे समय तक न हो सके वहां पर फेंके। इस अवसर पर हरेन्द्रसिंह ठाकुर, महेन्द्र गवखेड़ी सहित सिविल अस्पताल के अधिकारी एवं कर्मचारीगण मौजूद थे।

### विधायक गोपालसिंह इंजीनियर के कार्यालय का विधि विधान के साथ हुआ शुभारंभ

# विधायक कार्यालय में जनता दरबार लगाकर होगी जनसुनवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा


विधानसभा क्षेत्र के विधायक गोपालसिंह इंजीनियर विधायक बनने के बाद अभी तक उनका विधायक कार्यालय उनके निवास से ही संचालित हो रहा था। अब आष्टा विधायक का विधायक कार्यालय ऑफिसर्स कॉलोनी में शुरू हो गया है। विधायक कार्यालय का विधि विधान के साथ विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने अपनी धर्मपत्नी पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष कृष्णा गोपालसिंह के साथ नवीन कार्यालय में विधि विधान के साथ हवन ग्यारी, पूजन आदि धार्मिक क्रियाएं सम्पन्न की। मंत्रोच्चार से सभी धार्मिक क्रियाएं नगर पुरोहित पंडित दीपेश पाठक ने पूर्ण करवाई। वरिष्ठ भाजपा नेता इंदौर संभाग के प्रभारी राघवेंद्र गौतम ने विधायक कार्यालय का शुभारंभ किया।



इस अवसर पर बड़ी संख्या में भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी, कार्यकर्ता,पत्रकार, अधिकारी, कर्मचारी सहित बड़ी संख्या में आष्टा नगर एवं ग्रामीण अंचल के सभी कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्तिथ थे। नवीन विधायक कार्यालय के शुभारंभ पर आज आष्टा जनपद के अध्यक्ष प्रतिनिधि सोनू गुणवान,आष्टा नपा के अध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाडा,जावर कोठरी नप के अध्यक्ष प्रतिनिधि राधेश्याम दलपति, मनोज वैद्य ने नवीन कार्यालय के शुभारम्भ पर विधायक गोपालसिंह इंजीनियर का स्वागत सम्मान कर बधाई दी। कार्यालय शुभारम्भ अवसर पर बड़ी संख्या में नागरिकों ने पहुंचकर विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर का स्वागत कर उन्हें नवीन कार्यालय शुभारंभ की बधाई दी। भाजपा के मीडिया प्रभारी सुशील संचेती ने जानकारी देते हुए बताया कि आष्टा विधायक गोपालसिंह इंजीनियर जो कि जिला पंचायत अध्यक्ष के पद पर थे तभी से क्षेत्र के पीड़ित और दुखी नागरिकों की समस्याओं को सुनने के लिए अपने निवास पर जिस तरह जनता दरबार लगाकर जनसुनवाई करते थे तथा जनसुनवाई में आने वाली शिकायत और समस्याओं का अधिकारियों को निर्देशित कर निराकरण करते थे। संचेती ने बताया की गोपालसिंह इंजीनियर ने नवीन विधायक कार्यालय के शुभारंभ अवसर पर पत्रकारों से चर्चा करते हुए पुनः घोषणा की, की प्रत्येक सप्ताह के बुधवार को नवीन विधायक कार्यालय में जनता दरबार लगाकर जनसुनवाई की जाएगी तथा जनसुनवाई में जो भी पीड़ित दुखी आएंगे तब उनकी समस्याओं का निराकरण के सम्बंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया जायेगा। विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने कहा जनता ने हमे अपना बहुमूल्य आशीर्वाद बड़ी उम्मीदों के साथ दिया है। अब हमारा भी दायित्व बनता है की उस जनता की समस्याओं को सुने ओर उन्हें हल करे ताकि जनता जनार्दन को राहत मिल सके।

जनता की समस्याओं को हल करना मेरा दायित्व बनता है,में प्रयास करूंगा कि जनता की हर उम्मीद,कसौटी,अपेक्षाओं पर खरा उतर सकू । आष्टा विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने कहा की विधानसभा क्षेत्र को कोई भी नागरिक जिसकी कोई भी समस्या हो और उसकी अगर कोई सुनवाई नही हो रही हो तो वो मेरे कार्यालय में आ कर अपनी समस्या बता सकता है। उनका स्वागत है। विधायक कार्यालय शुभारम्भ पर बड़ी संख्या में पहुचे सभी सम्मानियो का विधायक ने आभार व्यक्त किया।

# गुजरात के कैबिनेट मंत्री का श्यामपुर में हुआ स्वागत



हरिभूमि न्यूज ⏭ श्यामपुर

गुजरात सरकार में जल संसाधन ग्रामीण आवास कैबिनेट मंत्री और कोली समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष कुंवरजी भाई बावलिया के राजगढ़ जिले में स्थित मोहनपूरा, कुंडलिया डैम के भ्रमण हेतु आए। भोपाल से राजगढ़ जाते समय श्यामपुर रुके। जहां श्यामपुर कोली समाज के गणमान्य लोगों ने उनका शाल श्रीफल पुष्प मालाओं से स्वागत किया। आगामी कार्यक्रम में श्यामपुर आने के लिए आमंत्रित किया। इस अवसर पर अखिल भारतीय कोली समाज के प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश कोली, संभागीय युवा कोली समाज अध्यक्ष मनीष शाक्य, युवा ग्रामीण जिलाध्यक्ष राजू शाक्य, वरिष्ठ समाजसेवी नारायणसिंह शंकबार, सरपंच ग्राम छतरी जगन्नाथ शाक्य, गजराज सिंह पटेल, हरिनारायण शाक्य, मनीराम कोरी छतरी, कालूराम शाक्य पंच व भाजपा युवा नेता मनीष लोनारे उपस्थित थे।

## गुजरात के जलसंसाधन मंत्री और तकनीकी अमले ने किया परियोजना का भौतिक निरीक्षण

# मोहनपुरा प्रणाली की प्रतिकृति अपने राज्य में विकसित करेगा गुजरात

## नर्मदा का पानी गुजरात के कच्छ तक ले जाने बनेगी योजना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

राजगढ़ जिले की दिशा और दशा को बदलने वाली मोहनपुरा सिंचाई परियोजना का मॉडल अब गुजरात सरकार भी अपने यहां विकसित करेगी। मप्र से गुजरात में जाने वाली नर्मदा के जल का उपयोग कर कच्छ के क्षेत्र के हरा-भरा किया जाएगा। इसीके लिए से गुजरात सरकार के जल संसाधन मंत्री कुंवरजी भाई ने बुधवार को मोहनपुरा बांध क्षेत्र का एक दिवसीय दौरा किया।

जल संसाधन मंत्री के साथ उनके प्रमुख सचिव पी.एस. चेतन गड़तरा, चीफ इंजीनियर पी.एम. पटेल, जे.के. त्रिवेदी, एपी.एस. षिवराज गिलवाल, एसई पी.सी. व्यास सहित तकनीकी टीम भी शामिल थी। टीम ने मोहनपुरा के आरबीसी पंप हाउस को देख यहां के तकनीकि पहलुओं को जाना। इसके उपरान्त झंझाड़पुर गांव तक पानी पहुंचाने के तरीके को देखा। वहीं, डेम और डेम के पीछे बने कृषि धाम को देखने के बाद गुजरात की टीम कुंडालिया डेम के मुंडी पंप हाउस पहुंची, जहां के पंप हाउस को देखकर किसानों से चर्चा की।

टीम ने डेम से सीधे किसानों के खेत तक प्रेशराइज्ड पानी पहुंचाने के तरीके को जाना। इस दौरान मोटर पंप के ऑटोमेटिक काम करने, सेंसर, ओएमएस और आएमएस के साथ ही पंप के शटडाउन होने के साथ ही किसान की डिमांड पूरी होने पर जल नियंत्रण के तरीके को जाना। इस दौरान कई सवाल भी किए, जिनके जवाब एसई व परियोजना प्रशासक विकास राजोरिया, शुभांकर विश्वास, प्रबंधक संदीप दुबे, सहायक प्रबंधक विपिन तिवारी सहित अन्य अधिकारियों ने दिए। इस मौके पर राज्यमंत्री गौतम टेटवाल, सांसद रोड़मल नागर, कलेक्टर हर्ष दीक्षित, मुख्य अभियंता जीपी सिलावट, परियोजना प्रशासक विकास राजोरिया सहित अन्य लोग उपस्थित थे।



हमारे गुजरात में मोहनपुरा-कुंडालिया की भांति प्रेशराइज्ड सिंचाई सिस्टम तैयार किया जाना है, ताकि कम पानी से ज्यादा क्षेत्र में सिंचाई हो सके, इसलिए हम तकनीकि अमले के साथ दौरा करने आए थे।
- **कुंवरजी भाई बावलिया**, मंत्री, जल संसाधन विभाग गुजरात

गुजरात से विभाग के मंत्री व अधिकारी के साथ ही प्रशासनिक अधिकारी आए थे, जिन्हे परियोजना को लेकर बारीकि से जानकारी दी, ताकि उनकी इच्छानुसार गुजरात में भी इस तरह के सिंचाई के साधन उपलब्ध कराए जा सके।
**विकास राजोरिया**, एसई व परियोजना प्रशासक, मोहनपुरा-कुंडालिया राजगढ़

### मोहनपुरा कुंडलिया योजना देशभर में चर्चित

मोहनपुरा-कुंडालिया परियोजना देश की सबसे पहली और विश्व की सबसे बड़ी प्रेशराइज्ड सिंचाई परियोजना है, जहां यांत्रिकी उर्जा का उपयोग कर किसानों के खेत तक ग्रेविटी से दाबयुक्त पानी पहुंचाया जाता है। इससे उर्जा की खपत कम होती है, वहीं उपलब्ध जल से ढाई गुना ज्यादा क्षेत्र में सिंचाई होती है। इससे आर्थिक खर्च कम होने के साथ ही किसानों को अतिरिक्त लाभ भी मिलता है।

### देशभर में उत्कृष्ट मॉडल बनी योजना

ओपन नहर की बजाय डेम से सीधे किसान के खेत तक प्रेशराइज्ड सिस्टम से पानी पहुंचाने की मोहनपुरा-कुंडालिया परियोजना देशभर में उत्कृष्ट मॉडल के रूप में पहचान बना चुकी है, यहां दो से पांच मेगावॉट के पांच से 25 तक मोटर पंप लगाए है। इन मोटर पंप के नियंत्रण से लेकर आउटलेट के बीच ओएमएस, आरएमएस और टंकी तक ऑटोमेटिक नियंत्रण होता है। इससे मानव संसाधन तो कम लगता ही है, वहीं पानी की बचत के साथ उपलब्ध पानी से अधिक क्षेत्र में सिंचाई होती है। इसके चलते अब आगामी समय में इसी तरह के प्रोजेक्ट तैयार करने राज्य व केंद्र सरकार की योजना है।

## भोजपुर के पास हादसा : कंटेनर से मोटरसाइकिल की हुई भिड़ंत

# पत्नी की मौके पर मौत, पिता-पुत्री की हालत गंभीर, रेफर




**खिलचीपुर।** खिलचीपुर के भोजपुर के पास दोपहर के लगभग एक बाइक सवार युवक कैलाश प्रजापति पत्नी और पुत्री के साथ सेमली जोड़ राजस्थान से खिलचीपुर की ओर आ रहा था, तभी एक कंटेनर से मोटरसाइकिल की भिड़ंत हो गई। जिसमें मोटरसाइकिल चालक कैलाश प्रजापति उम्र 60 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं उनकी पत्नी गीताबाई उम्र 55 वर्ष की मौके पर ही मौत हो गई। मोटरसाइकिल चालक कैलाश प्रजापति एवं उनकी पुत्री की हालत सीरियस है, जिन्हें भोपाल रेफर किया गया। पुलिस ने पीएम कराकर गीताबाई का शव परिजनों को सौंपा है।

### ड्यूटी के दौरान एसआई को मारी टक्कर

## कानड़ थाने में थे पदस्थ, इंदौर में इलाज के दौरान हुई मौत

**जीरापुर।** नगर के बिट्ठलेश कॉलोनी निवासी एसआई रामलाल आजाद का निधन हो गया। मूलतः पिपलिया कुलमी के रहने वाले एसआई रामलाल आजाद लंबे समय से नगर के बिट्ठलेश कॉलोनी में अपने गृह निवास में रहते थे। जोकि आगर जिले के कानड़ थाने में पदस्थ थे ड्यूटी के दौरान एक बाइक सवार ने रामलाल आजाद को टक्कर मारी थी, जिससे वह गम्भीर घायल हो गए थे। जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद बाम्बे हॉस्पिटल इंदौर ले जाया गया था, वहां पर इलाज के दौरान मृत्यु हो गई। उन्हें उनके विटलेश कॉलोनी स्थित गृह निवास लाया गया जहां से अंतिम संस्कार हेतु स्थानीय मुक्तिधाम ले जाया गया। उनकी शव यात्रा में बड़ी संख्या में समाज बंधुओ सहित अधिकारी कर्मचारी अन्य वर्ग शामिल हुआ। दिवंगत आत्मा के प्रति शोक संवेदना प्रकट की गई। रामलाल आजाद ने स्थानीय पुलिस थाने में लंबे समय तक आरक्षक एवं प्रधान आरक्षक के पद पर सेवाएं दी।



## 24 जुलाई गौरव दिवस के रूप में मनाया जाएगा


**नरसिंहगढ़।** 24 जुलाई 1824 का वो दिन जो नरसिंहगढ़ वासियों के लिए गौरव दिवस बन गया। स्मरण रहे कि 1857 (झांसी की रानी) के 33 वर्ष पूर्व भारत से अंग्रेजों को खदेड़ने वाले नरसिंहगढ़ के युवराज कुंवर चेन सिंह, हिम्मत खा, बहादुर खा ने सीहोर दशहरा मैदान पर 24 जुलाई 1824 को अंग्रेज गवर्नर मेडाक की शर्तो को न मान कर युद्ध के लिए ललकार युद्ध कर अंग्रेजो को उलटे पैर भगाया। वहीं युद्ध के दौरान अमर शहीद हुए इन अमर शहीदों को इतिहास के पन्नो से अछूते रहे काम को उन्ही के वंशज जितेंद्र सिंह पंवार ने 47 साल तक कुंवर चेन सिंह स्मृति समाहारो बनाकर सभी जाती समुदाय के लोगों को साथ लेकर कार्य प्रारम्भ किया। फ्लस्वरूप 8 अगस्त 1987 को शहीदो की माटी संग्रह कार्यक्रम मे भारत शासन ने इन तीनो अमर शहीदों की माटी संग्रह कर दिल्ली शहीद स्मारक ले जाकर इनको स्वाधीनता संग्राम का दर्जा प्रदान कर अछूते इतिहास को पूर्ण विराम दिया। ततपश्चायत 24 जुलाई कौमी एकता दिवस को नरसिंहगढ़ का गौरव दिवस के रूप मे मनाया जाता है। समिति के नवनियुक्त अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह पंवार ने 24 जुलाई को सभी समुदाय के लोगों से अधिक से अधिक संख्या में शहीद स्थल छारबाग जहाँ दोपहर 2 बजे इन अमर शहीदों को गॉड ऑफ ऑनर दिया जाएगा।

## बोड़ा बाइपास पर ओवरब्रिज निर्माण की स्वीकृति को लेकर केंद्रीय परिवहन मंत्री से मिले विधायक शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नरसिंहगढ़

बुधवार को दिल्ली में केंद्रीय सड़क परिवहन, राष्ट्रीय राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से क्षेत्रीय विधायक मोहन शर्मा ने मुलाकात कर नेशनल हाईवे 46 पर ओवर ब्रिज निर्माण की स्वीकृति प्रदान करने की मांग की। इस दौरान उन्होंने ब्रिज के अभाव में होने वाली समस्याओं और दुर्घटनाओं से भी उन्हें अवगत कराया। केंद्रीय मंत्री ने जल्द ब्रिज स्वीकृत किए जाने का आश्वासन दिया है।

गौरतलब है कि बोड़ा जोड़ से ब्यावरा रोड पुलिस चौकी तक बाइपास पर मॉडल स्कूल, आईटीआई, कृषि उपज मंडी एवं सब्जी मंडी संचालित है यहां पर वाहनों का आवागमन काफी तेज गति से होने के कारण आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं विगत वर्षों में कहीं दुर्घटनाएं घट भी चुकी हैं, इसलिए यहां नागरिक ब्रिज निर्माण की मांग कर रहे है। इसके अलावा विधायक ने वर्षो से स्वीकृत केंद्रीय विद्यालय की स्थापना ओर बीएसएनएल फाइबर लाइन बिछाई जाने को लेकर भी संबंधित मंत्रियों से मुलाकात की।



### इनका कहना...

दिल्ली में सड़क परिवहन एवं राष्ट्रीय राजमार्ग केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से बोड़ा बाइपास पर ओवर ब्रिज निर्माण एवं क्षेत्र के विकास के लिए अन्य मंत्रियों को भी मांगपत्र सौंपे हैं।
- **मोहन शर्मा**, विधायक नरसिंहगढ़

### मांगलिक परिसर में किया गया आयोजन

## सेवानिवृत दिनेश कर्तव्यनिष्ठ व ईमानदार शिक्षक हैं : टेटवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

मध्य प्रदेश शिक्षक संघ जिला राजगढ़ द्वारा गुरु छाया एवं दिनेश चौहान पूर्व जिला अध्यक्ष मध्य प्रदेश के संघ जिला राजगढ़ सेवानिवृत्ति समारोह राठी मांगलिक परिसर सारंगपुर में आयोजित किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार गौतम टेटवाल द्वारा की गई। मुख्य अतिथि राजगढ़ संसदीय क्षेत्र के सांसद रोडमल नागर थे। विशेष अतिथि के रूप में मध्य प्रदेश शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष क्षत्रवीर सिंह राठौर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ राजगढ़ विभाग के विभाग संघ चालक उदय सिंह चैहान मध्य भारत प्रांत के सामाजिक समरसता सह प्रमुख लक्ष्मीनारायण चौहान, जनपद अध्यक्ष देवनारायण नागर सारंगपुर नगरपालिका अध्यक्ष पंकज पालीवाल पचोर नगर परिषद अध्यक्ष विकास करोड़िया सहित अन्य अतिथियों ने सर्वप्रथम मां शारदा की पूजा अर्चना की गई तत्पश्चात सभी अतिथियों का मध्य प्रदेश शिक्षक संघ जिला अध्यक्ष नरसिंह शर्मा जिला सचिव विजय भदवाले जिला कोषाध्यक्ष जगदीश कुंभकार नगर अध्यक्ष हरीश शर्मा मोहन जाटव राजेंद्र मेवाड़े राजेश यादव शिवकुमार आदि के द्वारा स्वागत किया गया। तत्पश्चात सांसद रोडमल नागर ने गुरु छाया एवं विदाई समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि मध्य प्रदेश शिक्षक संघ एक ऐसा संगठन है जो बच्चों की पढ़ाई के साथ-साथ सामाजिक कार्य जैसे पर्यावरण गुरु वंदन गुरु छाया कार्यक्रम एवं कर्तव्य बोध दिवस का आयोजन करता है दिनेश चैहान की शिक्षा विभाग सेवानिवृत्ति जरूर हुई है लेकिन एक शिक्षक की सेवानिवृत्ति कभी नहीं होती वह हमेशा जहां उसका उपयोग होता है। वह हमेशा सकारात्मक रूप से खड़ा रहता है।




## मंदिर की दानपेटी खोली, निकला 1 लाख 18 हजार रुपए का चढ़ावा

### मोरपीपल हनुमान मंदिर पर भूमिपूजन भी संपन्न



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

स्थानीय मोरपीपल हनुमान मंदिर क्षेत्र को ग्रामीणों, श्रद्धालुओं एवं वहां की समिति द्वारा धीरे-धीरे विकसित किया जा रहा है। इसी कड़ी में अब यहां भव्य राम-मंदिर भी बनाया जाना है। मंदिर निर्माण हेतु बुधवार को मंदिर समिति एवं सकल पंचों की उपस्थिति में विधि-विधान से भूमिपूजन संपन्न करवाया गया।

इस अवसर पर मंदिर की दानपेटी भी सभी की उपस्थिति में खोलकर दानराषि की गणना करवाई गई। दानपेटी से 1 लाख 17 हजार 815 रुपए का चढ़ावा निकला है जो की भक्तों द्वारा अर्पित किया गया है। यह राषि मंदिर के विकास कार्यों पर ही खर्च की जाएगी। इस अवसर पर पटेल जगन्नाथ सिंह, सरपंच बालूसिंह, पंडित कृष्णकांत शर्मा, पंचायत सचिव महेश शर्मा, शिक्षक रमेश, भारत सिंह, कृष्णपाल सिंह, गजेंद्र सिंह खिंची इंदरसिंह, बनेसिंह सहित अन्य उपस्थित थे। इस दौरान श्रीमती धापूदेवी तिवारी (कृष्णकांत शर्मा) द्वारा मंदिर निर्माण में सहयोग हेतु 5110 रुपए एवं रामबाबू शर्मा अध्यापक द्वारा 5 हजार रुपए की राषि प्रदान की गई।

### कलेक्टर ने खसरे की त्रुटि तुरंत दुरूस्त कराई, खुश होकर आवेदक पपुआ बोला-

## साहब आपने तो हमाओ काम मिनटों में कर दओ नईं तो... हमें कई दिनों तक चक्कर लगाने पड़ते

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैद्य ने जनसुनवाई में आए एक आवेदन का निराकरण तुरंत कराया। बासौदा तहसील के ग्राम कबूलपुर के किसान पपुआ पिता मंगल अहिरवार ने आवेदन दिया की उनकी भूमि खसरे में त्रुटिपूर्ण रिकॉर्ड प्रदर्शित हो रहा है।

कलेक्टर ने न्यायालयीन आदेश अनुसार मौके पर ही हल्का पटवारी, तहसीलदार से त्रुटि को सुधार कराया। उन्होंने अधीक्षक भू-अभिलेख को भूमि खसरे में त्रुटि सुधार परिवर्तन की कार्यवाही कर एक प्रति आवेदक को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। अधीक्षक भू-अभिलेख कृष्णा रावत ने बताया कि कलेक्टर के निर्देश पर संबंधित पटवारी, राजस्व निरीक्षक, तहसीलदार एवं एसडीएम से समन्वय स्थापित कर ऑनलाइन रिकॉर्ड में तत्काल निराकरण किया। आवेदक पपुआ अहिरवार ने अपनी समस्या मिनटों में हल होने पर कलेक्टर का अभार माना।

### 105 आवेदन आए

मंगलवार जनसुनवाई में 105 आवेदन आए। कलेक्टर द्वारा मौके पर 65 आवेदनों का निराकरण किया गया। शेष लंबित आवेदनों पर समय सीमा में कार्यवाही करने के निर्देश संबंधित विभागों के जिला अधिकारियों को दिए गए हैं। साथ ही निराकरण की जानकारी पोर्टल पर दर्ज करने ताकिद किया गया है।

## पिंड़ भरते हुए एसपी कार्यालय पहुंचकर लगाई गुहार कहा- झूठे प्रकरण में फंसाने किया जा रहा प्रयास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

बासौदा निवासी भूपेंद्र सिंह राजपूत मंगलवार को पिंड भरते हुए एसपी कार्यालय पहुंचा और एसपी से न्याय की गुहार लगाई।

पीड़ित ने बताया कि सोमवार की रात में संदीप ठाकुर ने मेरे साथ मारपीट की। नेताओं के दबाव में पुलिस छोटी-मोटी धाराएं लगाकर मामले को दबाने का प्रयास कर रही है। ज्ञापन में कहा गया है कि नपा उपाध्यक्ष मुझे प्रताड़ित करता है और मेरे खिलाफ झूठे मुकदमे लगवाने की धमकी देता है। फरियादी भूपेंद्र के बताया कि सोमवार को उसके ऊपर प्राणघातक हमला किया गया। पीड़ित ने बताया कि नपा उपाध्यक्ष के कारण वह दुकान भी नहीं चला पा रहा है। हमेशा मुझे जान का खतरा बना रहता है।

ज्ञापन में फरियादी ने सुरक्षा दिए जाने की मांग करते हुए परिवार में कोई भी घटना घटती होने पर संदीप ठाकुर, राहुल दांगी, विशाल दांगी और बब्लू भावसार को जिम्मेदार बताया है।



**विदिशा।** पिंड़ भरते हुए एसपी कार्यालय पहुंचा फरियादी भूपेंद्र राजपूत।

## खुजनेर में एक दिवसीय मेला आयोजित हुआ

# देवशयनी एकादशी पर मालवा के खाटूश्याम पर उमड़े

### निशान चढ़ाकर मांगी सुख-समृद्धि की कामना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खुजनेर

शहर में देवशयनी एकादशी के अवसर पर मालवा के खाटूश्याम धाम खुजनेर में बाबा के दर्शन करने बड़ी संख्या में उमड़ा श्रद्धालुओं का जनसैलाब दर्शन कर निशान चढ़ा कर मांगी सुख-समृद्धि की कामना की।

प्रसिद्ध मालवा के खाटूश्यामजी खुजनेर में देवशयनी एकादशी पर एक दिवसीय मेला आयोजित हुआ। इस मेले में इस बार करीब हजारों से ज्यादा श्रद्धालु बाबा को निशान चढ़ाने पहुंचे बड़ी संख्या में श्रद्धालु दूर-दूर से बाबा श्याम के दर्शनों के लिए खुजनेर नगरी पहुंचे यहां उन्होंने दरबार में माथा टेका और सुख-समृद्धि की कामना की। खाटूश्यामजी को रंग-बिरंगे फूलों से बाबा का विशेष भव्य श्रृंगार किया गया है। बड़ी उमस गर्मी के बीच खाटू मंदिर में भक्तों की भारी भीड़ सुबह से ही दर्शनों के लिए लाइन में श्रद्धालुओं कि भीड़ देखने को मिली। भक्तों की भीड़ के चलते शहर में ट्रैफिक जाम कि स्थिति देखने को मिली तो दिन भर पुलिस प्रशासन जाम को निकालते रहे एकादशी होने के कारण समस्त वाहन शहर के अंदर से आना जाना लगा रहा। जिससे कि जाम कि स्थिति बनी रही। नगर में मुस्लिम समुदाय द्वारा मोहरर्म भी निकाला जाना था एकादशी के चलते मोहरर्म आज निकाला जाएगा।




### ताजियों के सामने लोभान अगरबत्ती लगाकर शरबत वितरित किया

## मुस्लिम समुदाय ने तासे और नगाड़ों के साथ डीजे की धुन पर निकाले ताजिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ माचलपुर

नगर में बुधवार को हजरत इमाम हुसैन की शहादत को याद करते हुए मुस्लिम समुदाय के लोगो द्वारा ताजिए निकाले नगर में अलग अलग मार्गो से होते मुस्लिम समुदाय के लोग ताजिए को ढोल नगाड़ों के साथ डीजे की मातामी धुनों पर नारे लगाते हुए बाजार चोक पहुंचे जहां मुस्लिम समुदाय द्वारा इमाम हुसैन की शहादत में बनने वाले ताजिए निकालकर अपना मोहर्रम का त्योहार मनाया गया। जहा मुस्लिम समुदाय द्वारा अखाड़ा भी खेला गया। ताजियों को अपने अपने स्थान पर बिठाया जाता है और मुस्लिम समुदाय द्वारा तासे बजाकर रात भर या अली या हुसैन के नारे लगाते हुए हुसैन को याद किया साथ ही मुस्लिम समुदाय द्वारा ताजियों के सामने लोभान अगरबत्ती लगाकर लोगों को शरबत वितरित किया गया। बतादे की नगर में अलग अलग जगह पर पाच ताजिए इमाम हुसैन की सहादत के रूप में बनाए जाते हैं, जिन्हें ताशे नगाड़ो की धुन पर नगर के विभिन्न मार्गों से होते हए बाजार चौक में में लाया जाता है जहां अलग अलग स्थानों पर यह ताजिये बैठाए जाते हैं।



### सभी छात्र छात्राओं को मिले एडमिशन

**आरोन।** अजाक्स तहसील अध्यक्ष ब्रहमदास सूर्यवंशी ने बताया कि सभी अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति अधिकारी कर्मचारी साथियों से मेरा अनुरोध है अभी स्कूलों में छात्रावास में छात्र-छात्राओं के एडमिशन चल रहे हैं। देखने में आया है की कुछ स्कूलों में और छात्रावास में प्राचार्य एवं स्टाफ अधीक्षक द्वारा छात्र-छात्राओं को कागजों के अभाव में एवं अपनी मर्जी के तहत एडमिशन देने से इनकार कर रहे हैं। ऐसी स्थिति में हमारे वर्ग के छात्र-छात्राओं को बहुत परेशानी आ रही है और कुछ छात्र-छात्राएं एडमिशन लेने से भी वंचित हो जाते हैं ऐसी स्थिति में हम सभी लोगों को ऐसे छात्र-छात्राओं को चिन्हित करके उनको स्कूलों में एवं छात्रावास में एडमिशन कराने का कार्य सभी पदाधिकारी साथियों से अनुरोध करता हूं कि अपने-अपने स्तर पर एससी एसटी ओबीसी के छात्र-छात्राओं को एडमिशन दिलाने में उनकी सहायता करने का कष्ट करें यह बहुत ही जटिल समस्याएं हैं बच्चे बहुत ही परेशान हो रहे हैं।